


## जिलेभर में पहली जल सुनवाई, 71 आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

▸ **नगर पालिकाओं, नगर परिषदों, वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में भी जल सुनवाई**

**मंदसौर। जिला स्तरीय जनसुनवाई के साथ मंगलवार को पहली बार जल सुनवाई का आयोजन कलेक्टर कार्यालय सभागार में किया गया। इसके साथ ही जिले की समस्त नगर पालिकाओं, नगर परिषदों, वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में भी जल सुनवाई आयोजित की गई। सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम सचिव एवं पटवारी जल सुनवाई में उपस्थित रहे तथा ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े।**

कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरणों का अवलोकन कर नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। ग्रामीण स्तर की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु उन्होंने ऑनलाइन वीसी के माध्यम से संबंधित पटवारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों की जल संबंधी समस्याओं के शीघ्र निराकरण के उद्देश्य से अब प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई के साथ नियमित रूप से जल सुनवाई भी आयोजित की जाएगी।

जल सुनवाई के दौरान ग्राम जग्गाखेड़ी के निवासियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें ग्राम जग्गाखेड़ी-संजीत रोड स्थित सिल्वर स्प्रिंग कॉलोनी में पानी की टंकी की सफाई, बिजली बिलों के भुगतान, साफ-सफाई व्यवस्था एवं कचरा वाहन नियमित रूप से चलाने की मांग की गई। इस पर कलेक्टर ने जिला पंचायत को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

ग्राम हिंगोरिया छोटा निवासी माननाथ भाटी द्वारा ट्यूबवेल उत्खनन प्रदाय किए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर जिला पंचायत को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

भालोट निवासी बगदीबाई द्वारा खाद-बीज की बकाया राशि को किश्तों में भुगतान किए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर जिला सहकारी सोसायटी अधिकारी मंदसौर को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

> नावनखेड़ी निवासी दयाराम द्वारा राहत राशि दिलवाने तथा नापाखेड़ा निवासी सुरजमल द्वारा खाता सक्रिय कराने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिन पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं जल सुनवाई के दौरान कुल 71 आवेदकों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं के आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर संबंधित विभागों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## संकल्प से समाधान अभियान शिविर प्रारंभ

▸ **नपा परिषद 15 फरवरी तक वार्डों में हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ देने हेतु लगाएगी शिविर**



**मन्दसौर।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, मुख्य नपाधिकारी अनिता चोकोटिया ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी उपखण्ड मंदसौर जिला मंदसौर के पत्र क्रमांक 1908/दिनांक 11.01.2026 के अनुसार मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने हेतु संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है इसके अंतर्गत दिनांक 12 जनवरी से 15 फरवरी 2026 ( लगभग एक माह) तक मंदसौर नगर के विभिन्न वार्डों में यह अभियान चलेगा। अभियान के अंतर्गत वार्डों में चयनित स्थान पर शासन की योजनाओं/सेवाओं से संबंधित आवेदन प्रदान किये जायेंगे और पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र लिये जायेंगे। योजनांतर्गत नगरपालिका परिषद के द्वारा 12 जनवरी से प्रतिदिन (शासकीय अवकाश छोड़कर) प्रात: 10 से सायं 5.30 बजे तक वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित किये जा रहे है। इस शिविर के अंतर्गत 12 व 13 जनवरी को लॉ कॉलेज परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नपा कर्मचारीगण महेश माली, महेश कोड़ावत, अशोक देवड़ा, प प्पू राठौर, ऋषभ झा आदि ने शिविर में आये हितग्राहियों को पीएम, स्वनिधि योजना, केन्द्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना सहित कई योजनाओं की जानकारी प्रदान की तथा पात्र हितग्राहियों को आवेदन पत्र देकर उनसे आवेदन भी प्राप्त किये। यह उल्लेखनीय है कि नपा परिषद के द्वारा संकल्प से समाधान अभियान के लिये नपा के कार्यपालन यंत्री पी.एस. धारवे को नोडल अधिकारी व नपा उपयंत्री शाहिद मिर्जा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है साथ ही इस अभियान के लिये नपा के अन्य अधिकारीगणों कर्मचारीगणों को भी आवश्यक कार्य हेतु ड्यूटी लगाई गई है।

15 से 17 जनवरी को बापू नगर शासकीय स्कूल में लगेगा शिविर- नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर, मुख्य नपाधिकारी श्रीमती चौकोटिया ने बताया कि 15 जनवरी व 17 जनवरी को प्रात: 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक वार्ड नं. 2 व 14 के हितग्राहियों के लिये शासकीय विद्यालय बापू नगर में शिविर लगाया जायेगा हितग्राहियों से नपा परिषद आग्रह करती है कि नियत स्थान व समय पर आकर शिविर का लाभ ले।

## स्मृति नागरिक सहकारी बैंक की मुख्य शाखा आज से नए परिसर में स्थानांतरित

**मंदसौर।शहर की प्रतिष्ठित वित्तीय संस्था स्मृति नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, मंदसौर की मुख्य शाखा ( गौशाला ) आज से नए, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त परिसर में स्थानांतरित हो रही है। बैंक प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी अनुसार, बैंक की मुख्य शाखा आज 14 जनवरी 2026 से अपने नवनिर्मित गौशाला मार्केट नए परिसर, दया मंदिर रोड में कार्य प्रारंभ करेगी। यह कदम ग्राहकों को और अधिक बेहतर, सुरक्षित एवं सुगम बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।**

बैंक प्रबंधन ने बताया कि नए परिसर में ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त स्थान, बेहतर बैठने की व्यवस्था, सुव्यवस्थित काउंटर, सुरक्षित लॉकर सुविधा तथा आधुनिक बैंकिंग संसाधनों की व्यवस्था की गई है। इससे प्रतिदिन बैंक आने वाले ग्राहकों को और अधिक सुविधा मिलेगी और बैंकिंग कार्यों में गति आएगी।

बैंक प्रशासन ने अपने सभी खाताधारकों, जमाकर्ताओं एवं ऋणग्राहियों से अनुरोध किया है कि वे आज 14 जनवरी से बैंक से संबंधित समस्त कार्य नए परिसर में संपादित करें।

बैंक शाखा का समय सोमवार से शनिवार, सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा( दूसरे एवं चौथे शनिवार को अवकाश रहेगा)।

बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि स्मृति नागरिक सहकारी बैंक सदैव अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। नए परिसर में स्थानांतरण से बैंकिंग सेवाओं की गुणवत्ता में और अधिक सुधार होगा तथा ग्राहकों को आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा।



## मंदसौर सहित आसपास के क्षेत्रों में घना कोहरा, जनजीवन प्रभावित

**मंदसौर।** आज प्रात: मंदसौर जिले एवं आसपास के क्षेत्रों में घना कोहरा छाए रहने से दृश्यता अत्यंत कम हो गई। सड़कों पर कुछ ही मीटर की दूरी पर वाहन दिखाई नहीं दे रहे थे, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरे के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों व ग्रामीण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही।

सुबह के समय स्कूल जाने वाले बच्चों, कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों एवं किसानों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर वाहन चालकों ने हेडलाइट और फॉग लाइट जलाकर सावधानी पूर्वक आवागमन किया। कोहरे के चलते ठंड में भी बढ़ोतरी महसूस की गई। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं एवं नमी के कारण अगले कुछ दिनों तक सुबह के समय कोहरा बने रहने की संभावना है। प्रशासन एवं यातायात विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे कोहरे के दौरान धीमी गति से वाहन चलाएं, सुरक्षित दूरी बनाए रखें तथा अनावश्यक यात्रा से बचें।

## एक नजर में

### राजस्व की वसूली हेतु नपा लगा रही है वार्ड स्तर पर शिविर

**मंदसौर।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, मुख्य नपाधिकारी श्रीमती अनिता चोकोटिया, राजस्व, वित्त समिति सभापति श्रीमती कौशल्या प्रहलाद बंधवार ने बताया कि नपा परिषद मंदसौर के द्वारा दिनांक 5 जनवरी से 6 फरवरी लगभग एक माह तक मंदसौर नगर में वार्ड स्तर पर सम्पत्ति कर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, नगरीय विकास उपकर, ठोस परिशिष्ठ प्रबंधन शुल्क वसूली हेतु वार्ड स्तर पर शिविर लगाये जा रहे है। कल 15 जनवरी एवं 16 जनवरी को वार्ड नं. 10, 11 एवं 12 के राजस्व वसूली हेतु स्टेशन रोड़ स्थित शगुन गार्डन के पास शिविर लगाया जायेगा।

### दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिए जिला स्तर पर शिविर आयोजित होंगे

**मंदसौर।** दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिये जिला स्तर पर स्कीनिंग कैम्प आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में स्वास्थ्य विभाग जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता बच्चों को चिन्हित कर प्रमाण-पत्र प्रदान करने की कर्रवाई करेंगे। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि जुवेनाइल जस्टिस कमेटी के निर्देशानुसार कोई भी दिव्यांग बच्चा चिन्हांकन एवं लाभ से वंचित न रहे, के ध्येय वाक्य के आधार पर प्रत्येक दिव्यांग बच्चे की पहचान, स्क्रीनिंग एवं प्रमाणन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। सभी जिले में स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित करने के निर्देश जिला कलेक्टर्स को दिया गया है। यह कैम्प आगामी एक माह में आयोजित किया जाना है। शिविरों के आयोजन में विधिक सेवा प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्कूल शिक्षा समन्वित प्रयास करेंगे। उन्होंने निर्देश दिये है कि शिविर आयोजन की तिथियों को प्रचार-प्रसार किया जाए इससे अधिकाधिक सहभागिता हो सकें। प्रत्येक जिला अपनी माइक्रो प्लानिंग की जानकारी सामाजिक न्याय विभाग के साथ-साथ रजिस्टार/सचिव जुवेनाइल जस्टिस कमेटी उच्च न्यायालय जबलपुर को भी भेजे।

### धतुरिया में 103वां रक्तदान शिविर संपन्न

**धतुरिया/सीतामऊ।** मानवता की सेवा और समाज के प्रति जिम्मेदारी के संदेश को आगे बढ़ाते हुए रक्त सेवा गौ सेवा फाउंडेशन (रजि., मध्यप्रदेश) द्वारा धतुरिया में अपना 103वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर हिंदू संगठन एवं गांव के युवा कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता में संपन्न हुआ। शिविर की शुरुआत गांव के युवाओं द्वारा रक्तदान के माध्यम से की गई, जिससे सेवा, समर्पण और राष्ट्रप्रेम का भाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। इस अवसर पर फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद कुशवाह, उमेश राठौर, बलराम कुशवाहा, कैलाश सेन सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। शिविर में कुल 26 युवाओं ने रक्तदान किया। फाउंडेशन द्वारा अब तक कुल 8179 यूनिट रक्त संग्रह कर रक्त कोष में जमा कराया जा चुका है। संस्था का 102वां रक्तदान शिविर राष्ट्रीय युवा दिवस एवं परमपूज्य गुरुदेव जीवनपुरी जी महाराज की पुण्य स्मृति पर कचनारा (नाहरगढ़) में आयोजित हुआ था, जिसमें 11 युवाओं ने रक्तदान किया था। धतुरिया रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से विशाल माली, प्रकाश राठौड़, लाल सिंह, बंटू सिंह, दुर्गेश सिंह, भोला सेन, शुभम राठौड़, रोहित माली, राजू प्रजापत, पीयूष पवार, बंसी मारू, विमल बंजारा, ओमप्रकाश धनगर, लखन सेन, राहुल धनगर, ईश्वर सेन, मणिराज सिंह, जितेन माली, जनक पाल सिंह, राहुल सिंह, लोकेंद्र सिंह, महेश धनगर, बलवंत सिंह, कपिल लोहार दलावदा, सोनू मालवीय दलावदा, दिलीप दलावदा शामिल थे। रक्त संग्रहण का कार्य गुरु गौतम मुनि ब्लड बैंक द्वारा किया गया।

### समाधान योजना में 31 जनवरी तक मिलेगा सौ फीसदी तक सरचार्ज में छूट का लाभ

**मंदसौर।** समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण की अवधि 31 जनवरी 2026 तक बढ़ा दी गई है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्?ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण में अब तक मध्?य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 3 लाख 61 हजार 68 बकायादार उपभोक्?ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्?य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 393 करोड़ से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 212 करोड़ 58 लाख रूपए का सरचार्ज माफ किया गया है।

## युवा संगठित होता है तो समाज बदलता है और इतिहास रचता है : रातड़िया




**मंदसौर।** श्री अखिल भारतीय साधुमार्गी शांत क्रांति जैन युवा संघ का मालवा युवा सम्मेलन नीमच में दिनांक 11 जनवरी 2026, रविवार को जैन दिवाकर भवन पर आयोजित किया गया। जिसमें मालवा और आसपास के क्षेत्रो सरवानियां, मोरवन, जावद, सिंगोली, जमुनिया कला, मंदसौर, रतलाम, ताल, चित्तौड़, सिंगोली आदि अनेक स्थानों के युवाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के शुभारंभ में मंगलाचरण के बाद स्वागत गीत दीपमाला मेहता व मनीषा मेहता ने प्रस्तुत किया। उसके बाद युवा संघ के राष्ट्रीय मार्गदर्शक निर्विकार रातडिया मंदसौर ने संबोधन करते हुए कहा कि युवा संघ केवल नाम ही नहीं यह विचार संस्कार और कार्य का संगम हैं। युवा संगठन हमें सिखाता है कैसे सोचना है, कैसे जुड़ना है, और कैसे समाज के लिए खड़े होना है। राष्ट्रीय महामंत्री पंकज संचेती चित्तौड़गढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर चल रही गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया तथा युवा संघ में चल रही गतिविधियों में युवाओं को अधिक से अधिक जुड़ने का आह्वान किया। मालवा जोन के मंत्री श्रेयांश चणोदिया ने भी अपने विचार रखे। स्वागत उदबोधन नीमच युवा संघ के अध्यक्ष आलोक सहलोत ने दिया। कार्यक्रम में पधारे राष्ट्रीय पदाधिकारियो का स्वागत नीमच युवा संघ के सचिव विवेक मेहता, कोषाध्यक्ष विशाल सहलोत, उपाध्यक्ष यश चौहान, विवेक भंडारी व संजय दक द्वारा किया गया। नीमच युवा संघ के सदस्यों में रजनीश मेहता, अभिषेक मेहता, गौरव मेहता, हार्दिक पामेचा, अक्षय मेहता, ललित गादिया, सुशील बाबेल, राहुल सहलोत आदि कई सदस्य उपस्थित थे। विभिन्न स्थानों से आए युवाओं ने अपने विचार सुझाव युवा संघ के समक्ष रखें युवाओं ने खुलकर अपने विचार रखते हुए संघ के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित होकर संघ को ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया। सभी सदस्यों ने सदन को अपना परिचय दिया गया। उसके पश्चात सामूहिक गुरू भक्ति की गई।

कार्यक्रम का संचालन विभोर पितलिया नीमच ने किया। अंत मे आभार नीमच युवा संघ के उपाध्यक्ष यश चौहान ने प्रकट किया।



## नई आबादी पुलिस ने सिथेटिक ड्रग तस्कर को किया गिरफ्तार

**मंदसौर।** नईआबादी थाना पुलिस ने सिथेटिक ड्रग एमडी और एमडीएमए की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 100 ग्राम एमडी पाउडर और 5 किलो डोडाचुरा जब्त किया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल और नगर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह भास्कर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नईआबादी उप निरीक्षक कुलदीप सिंह राठौर की टीम ने मुखबिर सूचना पर यह कार्रवाई की।

गिरफ्तार आरोपी वसीम (24 वर्ष) निवासी ग्राम मुल्तानपुरा, थाना वायडीनगर मंदसौर है। पूछताछ में आरोपी फैजान निवासी नयापुरा मंदसौर के नाम से भी जानकारी मिली, जो फरार है।

जप्त सामग्री में 100 ग्राम एमडी पाउडर (कीमत 1 लाख रुपये), 5 किलो डोडाचुरा (कीमत 10 हजार रुपये) और एक एंड्रॉइड फोन शामिल है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक कुलदीप सिंह राठौर और टीम का विशेष योगदान रहा।



## शामगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 322 लीटर अवैध शराब जब्त

**मंदसौर।** शामगढ़ थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 322 बल्क लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। शराब ह्युण्डई कंपनी की वेन्यु कार से परिवहन की जा रही थी।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (गरोठ) श्रीमती हेमलता कुरील तथा एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शामगढ़ उप निरीक्षक कपिल सौराष्ट्रीय की टीम ने 12 जनवरी को मुखबिर सूचना पर कुंडला बुजुर्ग से भुण्डिया जाने वाले कच्चे रास्ते पर घेराबंदी कर वेन्यु कार क्रमांक स्क्ष13ँच 6809 को रोका। तलाशी के दौरान कार से बीयर व अंग्रेजी शराब की कुल 22 पेटियां बरामद हुईं, जिनकी कुल मात्रा 322 लीटर तथा अनुमानित कीमत 1 लाख 7 हजार 856 रुपये बताई गई है।

पुलिस ने आरोपी कमल सिंह गिरफ्तार किया। पूछताछ में शराब सप्लाई करने वाले संग्राम सिंह निवासी ग्राम छायन का नाम सामने आया है, जो फरार है। दोनों के विरुद्ध थाना शामगढ़ में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

**एक नजर** ▸ **भारतीय जैन संगठना ने होनहार बालिकाओं को किया सम्मानित**

## चलो मिलकर करें नेक काम-यही है सेवा का असली नाम!

**मंदसौर। भारतीय जैन संगठना, मंदसौर चैप्टर की अध्यक्ष श्रीमती श्वेता पोरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश राज्य के बीजेएस मंदसौर चैप्टर द्वारा भारतीय जैन संगठन के फाउंडेशन प्रोग्राम श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित 'यू-वाह (ङ्खङ्क॥) प्रोजेक्ट प्रोग्राम' का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युवा दिवस के अवसर पर महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में संपन्न हुआ।**



इस अवसर पर समाज एवं विद्यालय की दस होनहार बालिकाओं जिनमे से तीन होनहार बालिकाओं जिनका चयन नेशनल लेवल बेसबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है,और सात बालिकाएं जो अध्ययन के साथ साथ अपने हुनर एंड मेहनत के दम पर रोजगार करते हुए अपने माता पिता को आर्थिक सहयोग प्रदान करती है। उन बच्चियों को भारतीय जैन संगठना की ओर से सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल इन बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणास्रोत है, बल्कि अन्य युवाओं के लिए भी एक सकारात्मक संदेश प्रदान करता है।

संगठन के संस्थापक श्री शांतिलाल मुथा ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए देशभर के सभी चैप्टर्स को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

यह पहल नेशनल प्रेसिडेंट नंदकिशोर सांखला, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती कोमल जैन, नेशनल जनरल सेक्रेटरी डॉ. पंकज चोपड़ा, नेशनल हेड - फाउंडेशन प्रोग्राम राजेश जैन खींवसरा, मध्य प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती साशा जैन एवं सचिव संदीप जटले के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को प्रोत्साहित करना एवं समाज में सकारात्मक सोच का संचार करना रहा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती सोनाली विपिन जैन उपस्थित रहीं। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य श्री के. सी. सोलंकी एवं सुरेश बोराना भी उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में भारतीय जैन संगठन की सदस्याएँ शशी मारू, रेखा रातड़िया, अंगूरबाला पितलिया, नीमा जैन, टीना हिंगड़, कुसुम पोरवाल, अपर्णा जैन, मीना जैन, रंजना जैन, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन आशा श्रीमाल द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में सचिव श्रीमती सुनीता बंडी जैन ने आभार व्यक्त किया।